अगले महीने पूरा होगा मेट्रो के पहले फेज़ पर ट्रैक बिछाने का काम

■ **वसं, मुंबई:** मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो के पहले फेज़ पर ट्रैक बिछाने का काम अगले महीने तक पूरा हो जाएगा। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने आरे से बीकेसी तक के मार्ग पर ट्रैक बिछाने का काम 97 प्रतिशत तक पूरा कर लिया है। इसमें कारशेड का हिस्सा शामिल नहीं है।

97
प्रतिशत तक
हुआ काम

एमएमआरसी ने मुताबिक, आगामी कुछ दिन में आरे से बीकेसी तक ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। दिसंबर 2023 से मेट्रो के पहले फेज़ पर मेट्रो दौड़ने लगेगी। कोलाबा-बांद्रा-सीप्झ के बीच बन रहा कॉरिडोर सैकड़ों हेरिटेज इमारतों के नीचे से गुजर रहा है। इस कारण निर्माण कार्य के साथ ही ट्रैक के चयन के दौरान विशेष एहतिहात बरती जा रही है। जमीन से करीब 20 से 25 मीटर नीचे मेट्रो के दौड़ने से इमारतों पर कोई असर नहीं हो, इसके लिए जापान से आधुनिक ट्रैक मंगवाए गए हैं। यह ट्रैक देश में मौजूद अन्य रेलवे ट्रैक से करीब 20 से 22 वीडीबी कम कंपन करता है। पूरे मार्ग पर करीब 10,745 मैट्रिक टन ट्रैक का इस्तेमाल किया जाएगा।